<u>अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन</u>

<u>सुचिता समिति - कार्य वृतांत</u>

समिति प्रभारी - श्रीमती कलावती जाजू

समिति संयोजिका - श्रीमती पुष्पा राठी, श्रीमती श्यामा हेड़ा, श्रीमती शोभा गाँधी, श्रीमती मंगल मानधनी, श्रीमती रंजना भट्टर

<u>मुंबई प्रदेश -</u> सुचिता द्वारा मकरसंकराती पर हलदी कुमकुम का आयोजन मध्य मु,घाटकोपर व मलाड क्षेत्र मे हुआ। महिलाओ ने भजनो का आनन्द शिवरात्री पर लिया। योग व आनन्दमयी जीवन जीने की कला पर पाँच दिवसिय शिबीर बडी गुरू माँ के सानिध्य मे अंधेरी भवन मे हुआ। वसन्त पंचमी माँ सरस्वती की क्वीज व फूलो के गहनो की प्रतियोगिता रख कर अंघेरी की महिलाओ ने मनाया।अंध आक्षम मे एकसमय का भोजन जनवरी में हर साल दिया जाता है।गोरेगांव के डिजायर होम वस्टीट चिलरन को फुडपैकेट महिलाओ ने बाटे।फूलो की होली रास अंधेरी मे होली पर हुआ।

<u>पश्चिमी उत्तर प्रदेश -</u> आगरा में शुचिता समिति की सयोजिका शोभा गांधी की टीम द्वारा शिव रात्रि के उपलक्ष मे हरदयाल विकलांग केंद्र पर सहयोग राशि प्रदान की गई। प्रभारी श्रीमती कलावती जाजू द्वारा आगरा में समिति की प्रथम बैठक ली गई तथा आध्यात्मिक जीवन पर कार्यशाला आयोजित की गई. समिति की संयोजिका रंजना भट्टड़ का उरई समाज ने सम्मान किया । रंजना द्वारा होली मिलन समारोह पर "मानव जीवन में गीता का महत्त्व" पर परिचर्चा की। "आध्यात्म" शब्द पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया ।

<u>महाराष्ट्र -</u> समिती प्रभारी कलावती जाजू द्वारा लासूर में प्रश्नावली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें संयोजिका मंगलजी मानधने ,महाराष्ट्र प्रदेश सुचिता-अध्यात्मिक समिती प्रभारी निर्मला साबू औरंगाबाद जिल्हा अध्यक्ष मिना नावंदर और लासुर कि 50 बहने उपस्थित थी . महाराष्ट्र के जालना जिले में प्रभारी श्रीमती कलावतीजी जाजू --राष्ट्रीय संयोजक मंगला मानधानी, -- प्रदेश सुचिता समिति प्रभारी निर्मला जी साबु, एवं जालना जिल्हा संगठन की बहनों के साथ ढालेगाव तीर्थ स्थान में सुचिता समिति का वेद पर आधारित आयोजन संपन्न हुआ। वेद पाठशाला के 50 बच्चों ने वेद पठन किया। इसके बाद 50 बच्चों में थाली - लोटा गिलास का वितरण हुआ। वेदपाठशाला के पदाधिकारियों के साथ चर्चा हुई। वेद पाठशाला के वास्तु का निरक्षण किया। वहां से गुँज नामक तीर्थ स्थान पर गए वहां दत्त मंदिर गौशाला को भेट दी होली के अवसर पर पुणे महिला सगंठन व सुचिता ने पराभारी की उपस्थिति में अध्यात्म का जीवन पर पराभव पर कार्यक्रम आयोजित किया.

आन्ध्र प्रदेश - के कागजनगर में प्रभारी द्वारा आध्यात्मिक जीवन जीने की कला पर व्याख्यान दिया गया. हैदराबाद में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत तीन पीढ़ियों के सामंजस्य पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, तथा ७० से अधिक वर्ष की महिलाओं का सम्मान किया गया.

पूर्वोत्तर राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन -अध्यक्ष - सविता पटवारी मंत्री - सुमन राठी व सुचिता /सुशांत समिति संयोजक द्वारा सुन्दरकाण्ड का पाठ "किया गया.

बिहार / झारखंड-_ जमशेदपुर मे बिहार के महत्वपूर्ण छठ पर्व पर व्रतियो के लिए घाट पर चाय बिस्कुट का इन्तजाम किया गया झारखंड में मकर संक्रांति पर एक गाँव के स्कूल मे भोजन व फल का वितरण किया शिवरात्रि महापर्व पर सहस्त्रघट अभिषेक किया गया फारविशगंज मे जैन धर्म के जुलूस मे आईसक्रीम का वितरण किया गया पटना मे मकर संक्रांति के अवसर पर गाँव के बच्चो को स्टेशनरी दी गयी

दिल्ली - पश्चिमी क्षेत्र द्वारा ठाकुरजी के छप्पन भोग, फूलों की होली व फागोत्सव का आयोजन किया गया व शिवरात्रि के अवसर पर द्वारका क्षेत्र ने भजन संध्या रखी।साथ ही सभी को इसका महात्म्य समझाया।

गुजरात प्रदेश - 1)वापी वलसाड महिला संगठन द्वारा महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवमंदिरों में चढ़ाया जाने वाला दूध (१५० लीटर) व फल को एकत्रित करके बस्तियों के करीब 700बच्चो को वितरित किया। 2) माहेश्वरी मुस्कान महिला मंडल सूरत द्वारा त्रिदिवसीय नानीबाई का मायरा (श्री राधा कृष्ण जी महाराज) का भव्य आयोजन _3) माहेश्वरी महिला मंडल सूरत (मेन)द्वारा हर महीने सामूहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जाता है व वार्षिक सुन्दरकाण्ड का भव्य आयोजन माहेश्वरी भवन में किया गया।_जमनगर महाशिवरात्रि के पर्व पर १ लाख पार्थ शिवलिग बनाकर पूजन किया _अहमदाबाद में सामूहिक शिव अभिषेक का आयोजन किया

पश्चिम उत्तर प्रदेश - अलीगढ़ की बहनों द्वारा शिवरात्रि पर कांवड़ियों की सेवा व फल वितरण ।बदायूं व् बरेली की बहनों द्वारा बेलपत्र के पौधों का रोपण व सामूहिक पूजन। मुजफ्फरनगर की बहनों द्वारा शिवरात्रि पर दूध बर्तनों में चढाने का आग्रह व एकत्रित दूध का गरीबों में वितरण।

पश्चिम बंगाल - पुरुलिया. बंगाल में गीता परिवार के साथ गीता जी का पाठ कराया गया तथा जीवन को गीता की सीखो से कैसे जोड़े इस बात पर परिचर्चा की गई । पश्चिम बंगाल द्वारा दुंगा में आर्ट ऑफ लिवि के साथ मिलकर सहज समाधी मैडिटेशन कराया गया। प्राणिक हीलि की 2 घंटे की वर्कशॉप ली गई।

तमिलनाड - केरल पांडिचेरी प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आने वाले ३१ मार्च २०१७ को चेन्नई में मां गणगौर के पारंपरिक गीतों का कार्यक्रम रखा गया है तमिलनाड केरल पांडिचेरी प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आने वाले ३१ मार्च २०१७ को चेन्नई में मां गणगौर के पारंपरिक गीतों का कार्यक्रम रखा गया है ।

पश्चिमी मध्य प्रदेश - द्वारा मकर सक्रांति के पर्व पर जिलो में ग़रीब बच्चों को भोजन निसहाय महिलाओं ऐवम पुर्षों को वस्त्र दान ऐवम भोजन करवाया गया।

नेपाल प्रदेश - के अंतर्गत सात दिवसीय हनुमान पुराण का आयोजन किया गया

उज्जैन में राष्ट्रीय स्तर पर सुचिता समिति के अंतर्गत क्षिप्रा नदी पर

“भजन प्रतियोगिता” करायी जा रही है.

(आध्यात्मिक)
आपका हार्दिक स्वागत
के तहत

अखिल भारतीय माहेश्वरी
महिला संगठन
के तहत
सुचिता (आध्यात्मिक) समिति
आपका हार्दिक स्वागत करती है।

के तहत
सुचिता आध्यात्मिक समिति

उरई जिला-जालौन
PIC•COLLAGE